कार्यालय वनमंडलाधिकारी,पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल

E-mail ID :: dfotwchwara@mp.gov.in Fax (07162)246996

क्रमांक/मा.चि./2021/ 2684 छिन्दवाड़ा दिनांक 15/6/21

प्रति,

मुख्य महाप्रबंधक

वे.को.फी.लिमि. कन्हान क्षेत्र

डुंगरिया

विषय :— तानसी कोल परियोजना हेतु 206.826 हे0 वनभूमि प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।

संदर्भ :— अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध) सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ—1/2021/10—11/1824 दिनांक 10.06.2021 एवं आपका पत्र 1268 दिनांक 16.01.2021 एवं 1289 दिनांक 07.06.2021

——00——

विषयांकित संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल अंतर्गत दमुआ वन परिक्षेत्र के रामपुर में स्थित कक्ष क्रमांक पी 400 , पी 401 , पी 409 ,पी 410 ,पी 413 , पी 414 ,पी 422 कुल रकबा 206.826 हे0 वनभूमि की तानसी भूमिगत खदान हेतु प्रकरण ऑनलाईन प्रस्तुत किया गया है।

तानसी भूमिगत खदान वन भूमि कक्ष क्रमांक पी 400 ,पी 411, पी 412, पी 413, पी 422, पी 423, पी 424 रकबा 299.440 हे0 की औपचारिक स्वीकृति भारत शासन के पत्र क्रमांक 8/145/186 दिनांक 20.11.1991 से एवं राज्य शासन की औपचारिक स्वीकृति एफ—5 /15/88/10/3 दिनांक 06.01.1992 से प्रदाय की गई थी।

उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 14.06.2021 को वे.को.फी.लिमि. कन्हान क्षेत्र डुंगरिया के अधिकारी/कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित होकर तानसी कोल परियोजना रकबा 299.440 हे0 जो पूर्व स्वीकृत खदान से पृथक प्रस्तावित रकबा 206.826 हे0 नवीन खदान है जिसका मानचित्र में स्पष्ट करते हुये बताया गया है।

प्रस्तावित तानसी कोल परियोजना रकबा 206.826 हे0 के प्रस्ताव में पंजीयन शुल्क की राशि रु. 5000.00 एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि रु. 75,000.00 कुल राशि रु. 80,000.00 (अस्सी हजार रूपये मात्र) को कोषालय के माध्यम से राजस्व मद मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष 0406 वानिकी ओर वन्य जीवन लघु शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा कर ,चालान की एक प्रति कोषालय से सत्यापित कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

एवं निम्न बिंदुओं पर स्थल निरीक्षण प्रस्तुत करें :—

1. प्रस्तावित क्षेत्र का सर्वे सीमांकन मय पिल्लर सहित किया जाना है। आवेदित स्थल का वनपरिक्षेत्राधिकारी परासिया के साथ मिलकर संयुक्त स्थल निरीक्षण करें।
2. प्रस्तावित क्षेत्र की के.एम.एल. फाईल एवं जियों रिफरेंस मेंप साफट कापी में प्रस्तुत करें।
3. प्रत्येक वन कक्ष का पृथक—पृथक रकबे का उल्लेख कर प्रस्तुत करें।

4. यदि आपके द्वारा उपरीतल का उपयोग किया जाना है तो प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची मय गोश्वारा सहित संयुक्त स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन में प्रस्तुत करें।
5. भूमिगत खदान में प्रवेश हेतु मोहरा वनभूमि का उपयोग किया जावेगा स्पष्ट करें।

मेरे द्वारा दिनांक 23/6/21 को स्थल निरीक्षण किया जाना है।

15/6

वनमण्डलाधिकारी
पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमण्डल, छिन्दवाड़ा

पृ.क./मा.चि./2021/ 2685 छिन्दवाड़ा दिनांक/ 15/6/21

प्रतिलिपि :— (1) मुख्य वन संरक्षक छिन्दवाड़ा वन वृत्त छिन्दवाड़ा की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

(2) उपवनमंडलाधिकारी परासिया सा0 उपवनमंडल की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।

(3) वनपरिक्षेत्राधिकारी दमुआ वनपरिक्षेत्र की ओर सूचनार्थ अग्रेषित। कृपया प्रस्तावित तानसी कोल परियोजना हेतु कक्ष कमांक पी 400, पी 401, पी 409 ए ,पी 410 ,पी 413 ,पी 414 एवं पी 422 रकबा 206.826 हे0 वन भूमि उपयोग में लिया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित वन कक्ष पेंच—सतपुड़ा कारीडोर के अंतर्गत आ रहे है। उक्त वन कक्षों में विगत 3 वर्षो में कौन—कौन से वन्यप्राणी पाये गये है एवं वन्यप्राणियों द्वारा कितने पशु हानि के प्रकरण प्रकाश में आये है का प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करें।

वनमण्डलाधिकारी
पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमण्डल, छिन्दवाड़ा

o/c